# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 21.02.2026 (सुबह – 0830 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन आज अनुपूरक बजट पर होगा वाद–विवाद, प्रश्नकाल के दौरान जनमुद्दों पर होगी चर्चा।**
2. **राज्य में आज शाम पांच बजे थम जायेगा नगर निकाय चुनाव का प्रचार, आखिरी दिन भी विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता पार्टी समर्थित उम्मीदवारों के पक्ष में झोंकेंगे ताकत।**
3. **झारखंड हाईकोर्ट ने 14वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को दी बड़ी राहत, उम्र सीमा विवाद में याचिकाकर्ता अभ्यर्थियों को ऑफलाइन फॉर्म भरने की अनुमति।**
4. **आईआईएम रांची में 'भारतीय सिनेमा सामाजिक वास्तविकताएं और प्रबंधकीय अंतर्दृष्टि' पर दो दिवसीय सम्मेलन का आज समापन, सिनेमा और प्रबंधन पर होगी गहन चर्चा।**
5. **कोलकाता में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स फुटबॉल चयन प्रतियोगिता में झारखंड की महिला टीम का शानदार प्रदर्शन, यूपी को शून्य के मुकाबले 51 गोल से हराया।**

*****************

विधानसभा के बजट सत्र का आज चौथा दिन है। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही प्रश्नकाल के दौरान विभिन्न जनमुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच चर्चा होगी। आज के सत्र का मुख्य आकर्षण द्वितीय अनुपूरक बजट है, जिस पर सदन में विस्तार से वाद–विवाद किया जाएगा। विपक्ष द्वारा स्थानीय नीति, नियोजन और विधि–व्यवस्था जैसे विषयों पर सरकार को घेरने की संभावना है, वहीं सरकार अनुपूरक बजट के माध्यम से विकास योजनाओं के लिए अतिरिक्त धनराशि की मंजूरी मांगेगी।

*****************

राज्य के 48 नगर निकायों में हो रहे चुनाव के लिए प्रचार का शोर आज शाम 5 बजे थम जाएगा। प्रचार के आखिरी दिन विभिन्न राजनीतिक दलों के दिग्गज नेताओं पार्टी समर्थित उम्मीदवारों के पक्ष में मतदाताओं को लुभाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकेंगे। रोड शो, बाइक रैली और जनसभाओं के जरिए प्रत्याशी शक्ति प्रदर्शन करेंगे।

*****************

मुख्यमंत्री ने कहा है कि नगर निकाय चुनाव पार्टी आधारित नहीं होने के बावजूद विपक्ष हार के डर से इसमें पूरी ताकत झोंक रहा है। मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष का पूरा समय और उनकी शैडो टीम इस वक्त चुनाव प्रचार में एड़ी–चोटी का जोर लगा रही है।

*****************

इस बीच भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रविंद्र राय ने गिरिडीह में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य के एक प्रभावशाली मंत्री नगर निकाय चुनाव जीतने के लिए सामाजिक और जातीय विभाजन का प्रयास कर रहे हैं।

*****************

झारखंड लोक सेवा आयोग की 14वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को झारखंड हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने उम्र सीमा विवाद पर सुनवाई करते हुए जेपीएससी को निर्देश दिया है कि याचिका दायर करने वाले सभी अभ्यर्थियों के ऑफलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएं। अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि करीब 200 से अधिक अभ्यर्थियों ने आयोग द्वारा तय की गई अधिकतम उम्र सीमा को चुनौती दी थी।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 131वां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण

आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चौनलों पर भी होगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

******************

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का भारत मंडपम में समापन हो गया। भारत के एआई विजन को वैश्विक स्तर पर मजबूत समर्थन मिला। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट कई मायनों में सफल रहा है। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में श्री वैष्णव ने कहा कि पांच लाख से अधिक लोगों ने इस प्रदर्शनी का आनंद लिया, बहुत कुछ सीखा और दुनिया भर के कई विशेषज्ञों से बातचीत की।

******************

जामताड़ा पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर नारायणपुर और करमाटांड़ थाना क्षेत्रों में विशेष छापेमारी की गई। इस दौरान विक्रमडीह और निजकजरा गांव के पास साइबर ठगी कर रहे 8 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

******************

रांची में भारतीय प्रबंधन संस्थान, आईआईएम रांची में भारतीय सिनेमारू सामाजिक वास्तविकताएं और प्रबंधकीय अंतर्दृष्टि विषय पर आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन का आज समापन होगा। सम्मेलन के अंतिम दिन प्रोफेसर अजीत एन. माथुर और प्रोफेसर सारी मतिला मुख्य भाषण देंगे। कार्यक्रम में सिनेमा के सामाजिक सरोकारों और प्रबंधन की रणनीतियों के बीच संबंधों पर विस्तृत चर्चा की जा रही है। देशभर के शिक्षाविद और शोधार्थी इसमें भाग ले रहे हैं। इससे पहले उद्घाटन सत्र में एफटीआईआई पुणे के कुलपति धीरज सिंह और संस्थान के निदेशक प्रोफेसर दीपक कुमार श्रीवास्तव सहित कई दिग्गज शामिल हुए।

******************

राज्य के मौसम में एक बार फिर बदलाव की संभावना है। रांची मौसम केंद्र के अनुसार, एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 24 और 25 फरवरी को राज्य के कई हिस्सों में बादल छाए रहेंगे और गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना है। खासकर राजधानी रांची, बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़, लोहरदगा और धनबाद सहित मध्य व दक्षिणी झारखंड में कहीं–कहीं वज्रपात और गर्जन के साथ बूंदाबांदी हो सकती है।

******************

कोलकाता में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स फुटबॉल चयन प्रतियोगिता में झारखंड की बेटियों ने इतिहास रच दिया है। झारखंड की महिला फुटबॉल टीम ने अपने जबरदस्त कौशल का प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश की टीम को एकतरफा मुकाबले में 51–0 के विशाल अंतर से हरा दिया है। मैच की शुरुआत से ही झारखंड की खिलाड़ी यूपी की रक्षापंक्ति पर हावी रहीं और अंत तक विपक्षी टीम को एक भी गोल करने का मौका नहीं दिया।

******************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर हुई चर्चा के बाद मुख्यमंत्री के जवाब को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर की सुर्खी है**–सदन खाली...क्योंकि सत्र छोड़कर गैर दलीय निकाय चुनाव में व्यस्त हैं कई माननीय।

**हिन्दुस्तान लिखता है**–झारखंड में गर्मी बढ़ते ही समय से पहले लौट रहे प्रवासी परिंदे।

**प्रभात खबर के शब्द हैं**–2018 से सिमटते गये रांची के जल स्त्रोत व वेटलैंड, गहराया पानी का संकट।

**दैनिक जागरण ने लिखा है**–अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 42 हजार सहिया को एकमुश्त 24–24 हजार रुपये देगी सरकार।

********************